मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 319
शुक्रवार, 13 जून 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश में 241 यात्रियों की मौत

**नई दिल्ली, 12 जून।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया, यहां एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। विमान में सवार सभी 241 पैसेंजर्स की मौत हो गई। विमान में सवार गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा विमान हादसा है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने जान गंवाई है। हादसे में रमेश विश्वास कुमार नाम के एक शख्स की जान बच गई है। इसे ईश्वर का चमत्कार माना जा रहा है।

हादसे की दर्दनाक और भयानक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। यह दुर्घटना अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके के पास हुई। विमान टेक-ऑफ के बाद क्रैश हुआ है। प्लेन के क्रैश होने के तुरंत बाद घटनास्थल से आसमान में काला धुंआ उठता हुआ देखा गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस विमान में कुल मिलाकर देश और विदेश के 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। इसमें से 1 यात्री के बचने का अच्छा समाचार मिला है। मैं उनको मिलकर आया हूं। मृत्यु का आकड़ा उ्रअ परीक्षण और यात्रियों की पहचान के बाद ही अधिकृत रूप से जारी होगा। घटना के तुरंत बार गुजरात सरकार ने आपदा प्रबंधन की सारी इकाइयों को अलर्ट करते हुए मिलकर राहत बचाव का कार्य



चालू किया। विमान में सवा लाख लीटर ईंधन था। जिससे तापमान इतना ऊंचा हो गया कि किसी को बचाने का मौका ही नहीं मिला। सभी यात्रियों के शव को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जितने यात्रियों के परिजन पहुंच गए हैं उनका उ्रअ लेने का काम भी 2-3 घंटे में पूरा हो जाएगा। जिनके परिजन विदेश में हैं उनको सूचित कर दिया गया है। एयर इंडिया की ये बोइंग 737 पैसेंजर फ्लाइट थी। फ्लाइट अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए रवाना हो रही थी। प्लेन क्रैश होने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। राहत और बचाव का काम किया जा रहा है।

एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में कहा, 'अहमदाबाद से 13:38 बजे रवाना हुई इस फ्लाइट में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं।' एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में बताया, 'हमने अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए एक समर्पित यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 भी स्थापित किया है। एयर इंडिया इस घटना की जांच कर रहे अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रही है।'

अहमदाबाद के पास एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चल रहे मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए लगभग 130 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टीमें तैनात की गई हैं। भारतीय सेना की प्रतिक्रिया में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स वाली मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल (दअळ), अग्निशामक यंत्रों और पानी के बाउजर के साथ अग्निशमन संपत्तियां और साइट प्रबंधन के लिए प्रोवोस्ट स्टाफ शामिल हैं। सैन्य अस्पताल को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## प्लेन हादसे में पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन

**अहमदाबाद, 12 जून।** गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री रहे विजय रूपाणी उन 200 से ज्यादा लोगों में शामिल हैं, जिनकी मौत एयर इंडिया के विमान हादसे में हुई है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। यह हादसा उस समय हुआ, जब विमान संख्या अक-171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही मेघानीनगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने विजय रूपाणी के निधन की पुष्टि की है। रूपाणी अपनी बेटी के घर लंदन जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी पिछले कई दिनों से लंदन में ही थीं और अब वह भी बेटी से मिलने के लिए पास जा रहे थे।



इससे पहले विजय रूपाणी का ई-टिकट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे पता चलता है कि उन्हें 30 जून को लंदन से अहमदाबाद लौटना था। अहमदाबाद पुलिस ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 200 से ज्यादा लोग इस हादसे में बच नहीं पाए। हालांकि, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास इस भयानक हादसे में बच गए। अब तक, वे इस हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य रूपाणी 7 अगस्त, 2016 से 11 सितंबर, 2021 तक दो कार्यकाल के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री रहे।

उन्होंने 2016 में आनंदीबेन पटेल की जगह ली और 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अपने राजकोट पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखने के बाद शीर्ष पद पर बने रहे। उन्होंने सितंबर 2021 में पद से इस्तीफा दे दिया और उनके स्थान पर भूपेंद्र पटेल ने पदभार संभाला। अपने राजनीतिक करियर के शुरूआती दौर में, रूपाणी 1987 में राजकोट नगर निगम के पार्षद चुने गए और 1996 से 1997 तक राजकोट के मेयर रहे। अगले साल, वे भाजपा की गुजरात इकाई के महासचिव बने। केशुभाई पटेल के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था।

## भारत की तकनीकी और डिजिटल प्रगति की पीएम मोदी ने की सराहना

**नई दिल्ली, 12 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत की डिजिटल और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि देश नवाचार और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि डिजिटल प्रगति भी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में देश के प्रयासों को मजबूत कर रही है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम मोदी ने MyGovIndia का एक पोस्ट साझा किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे भारत दुनिया का अगला प्रौद्योगिकी महाशक्ति बन सकता है और इस क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत के युवाओं की मदद से हम नवाचार और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। भारत ने यूपीआई लेनदेन की मात्रा में 2500 गुना वृद्धि दर्ज की है, आंकड़ों से पता चलता है कि यूपीआई लेनदेन जो अप्रैल 2017 में 0.93 करोड़ था, अप्रैल 2025 तक बढ़कर 1867.70 करोड़ हो गया। भारत डिजिटल भुगतान क्रांति का भी नेतृत्व कर रहा है, जिसमें सालाना 18,600 करोड़ रुपये के लेनदेन के साथ 260 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया गया है।

मोदी ने यह भी लिखा कि भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। दुनिया में यूपीआई की स्वीकार्यता भी बढ़ी है और यह यूएई, सिंगापुर, नेपाल, फ्रांस, मॉरीशस, भूटान और श्रीलंका समेत सात देशों में लाइव है। भारत 94 करोड़ से ज्यादा ब्रॉडबैंड कनेक्शन और 120 करोड़ से ज्यादा टेलीफोन सब्सक्राइबर के साथ दुनिया का सबसे सस्ता मोबाइल डेटा प्रदाता भी है।

## विमान दुर्घटना स्थल पर पहुंचे नागरिक उड्डयन मंत्री

**अहमदाबाद, 12 जून।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। स्थिति का जायजा लेने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हादसे की जांच होगी, मौत का आंकड़ा बताना फिलहाल मुश्किल है। मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि हम निष्पक्ष और गहन जांच करेंगे और पता लगाएंगे कि यह घटना क्यों हुई। हमें अभी भी संख्या का पता लगाना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह जानकर बहुत दुख हुआ कि (भाजपा नेता) विजय रूपानी भी वहां मौजूद थे, साथ ही अन्य नागरिक भी थे।



उन्होंने आगे कहा कि मैं इस दुखद और भयावह घटना से पूरी तरह हिल गया हूँ। मैं अभी भी सदमे में हूँ। प्रधानमंत्री ने मुझे फोन करके घटनास्थल पर आने को कहा है। इस समय मैं सिर्फ. यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच सकता हूँ। बचाव कार्य में कई एजेंसियाँ लगी हुई हैं। मैं अभी संख्या के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। हम हरसंभव मदद कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री भी घटनास्थल पर आ रहे हैं। यह जानकर बहुत दुख हुआ कि (भाजपा नेता) विजय रूपाणी भी वहाँ थे, और अन्य नागरिक भी थे।

हम निष्पक्ष और गहन जाँच करने जा रहे हैं। हम इस घटना के कारणों की गहराई तक जाएँगे।

वहीं, पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूँ। यह कहना बहुत मुश्किल होगा कि दुर्घटना का कारण क्या था। यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकता है। यह 787 ड्रीमलाइनर विमान था जिसे बहुत ही कुशल विमान माना जाता है। यह उड़ान भरने के बाद आसानी से 12-14 घंटे तक उड़ सकता है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। इसलिए, विमान में 80-90 टन ईंधन होना चाहिए। मैं दुर्घटना के कारण पर टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा। यह बहुत दुखद और असामान्य है।

एएनआई से फोन पर बात करते हुए अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने कहा कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। एक जीवित व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है।




## अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद राष्ट्रपति ने अपनी संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूँ। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी से हम स्तब्ध और दुखी हैं। यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

एयर इंडिया का बयान सामने आया है। इसमें कहा गया है कि 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक विमान में सवार थे।

## कर्नाटक कैबिनेट ने नए सिरे से जाति सर्वेक्षण कराने का किया फैसला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में गुरुवार को हुई विशेष कैबिनेट बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व की इच्छा के अनुसार राज्य भर में एक नया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने और इसे 90 दिनों में पूरा करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कानून के अनुसार इस तरह के सर्वेक्षण के निष्कर्ष केवल 10 साल के लिए वैध हैं। कर्नाटक का सर्वेक्षण केंद्र की जाति जनगणना से किस तरह अलग होगा।

एपी मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950



# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है



-ललित गर्ग

## अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस- 15 जून, 2025

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दशार्ने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम ह्यपिताः लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देनाह्ल है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में



कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

# धरती पर हर छठा इंसान भारतीय, 77 साल बाद 300 करोड़ हो जाएगी देश की आबादी



अशोक भाटिया

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत जनसंख्या के मामले में सभी देशों से आगे निकल गया है और अगले 40 वर्षों में जनसंख्या 170 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। यूएनएफपीए की 2025 स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन (एसओडब्ल्यूपी) रिपोर्ट में जनसंख्या और प्रजनन क्षमता को लेकर रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट का शीर्षक ऱद रियल फर्टिलिटी क्राइसिसऱ है। इसमें भारत की घटती प्रजनन दर पर चिंता व्यक्त की गई है। इस तरह से ये आंकड़े इस बात पर जोर देते हैं कि लाखों व्यक्ति अपनी वास्तविक प्रजनन आकांक्षाओं को हासिल करने में असमर्थ हैं। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की 2025 विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि अब से 40 साल बाद जनसंख्या में गिरावट शुरू होने से पहले लगभग 1.7 बिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं इस साल चीन की आबादी 1.41 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। बीते वर्ष जुलाई में जारी संयुक्त राष्ट्र की एक अन्य रिपोर्ट विश्व जनसंख्या संभावना-2024 के मुताबिक, पिछले वर्ष भारत की जनसंख्या 1.44 अरब थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 हो गई है, जो कि प्रति महिला 2।1 जन्मों की प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता से भी कम है। इसका मतलब ये है कि महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या को बनाए रखने के लिए आवश्यक से कम बच्चे पैदा कर रही हैं।

गौर करें तो जन्म दर में गिरावट के बावजूद, भारत की युवा आबादी काफी बड़ी है। इसमें 24% 0-14 वर्ष की आयु के हैं। 17% 10-19 वर्ष की आयु के हैं। और 26% 10-24 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। इसके अतिरिक्त, 68% आबादी कामकाजी आयु (15-64) की है। ये संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रस्तुत करती है। बशर्ते पर्याप्त रोजगार और इसको सपोर्ट करती हुई नीतियां बनें। मौजूदा समय में बुजुर्ग आबादी (65 वर्ष और उससे ज्यादा) 7% है। आने वाले दशकों में जीवन प्रत्याशा में सुधार के साथ इस आंकड़ों में वृद्धि होने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 2025 तक जन्म के समय जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 71 वर्ष और महिलाओं के लिए 74 वर्ष होने का अनुमान है। इन आंकड़ों के पीछे उन लाखों दम्पतियों की कहानियां हैं, जिन्होंने अपना परिवार शुरू करने या बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही उन महिलाओं के अनुभव भी हैं जिनके पास गर्भधारण करने के संबंध में सीमित विकल्प थे, चाहे वे कब, कितनी बार या गर्भवती हों।

यह भी बताया जाता है कि अगले 40 वर्षों में 240 मिलियन और जुड़ जाएगी और फिर भारत की जनसंख्या पहले बस जाएगी और फिर कुछ हद तक घट जाएगी। यह सिर्फ आशावाद नहीं है, बल्कि आंकड़ों का आधार देश की औसत प्रजनन दर में गिरावट है। किसी ने कितने बच्चों को जन्म दिया है, इसकी कुल प्रजनन दर (TFR) 'कुल प्रजनन दर' के कारक से निर्धारित की जा सकती है। अर्थात, प्रति महिला बच्चों की संख्या प्रति व्यक्ति जन्म देती है। इतने लंबे समय तक यह 2।1 थी। अब यह घटकर 1।9 प्रतिशत हो गई है। स्थानांतरण दर 'से कम है। जनसंख्या के स्थिर रहने के लिए 'प्रतिस्थापन दर' एक आवश्यक कारक है। यह स्थानांतरण दर दर्शाती है कि जितने अधिक लोग मरते हैं, उतने ही नए जीव पैदा होते हैं। 'जितने गए, उतने ही आए' के अनुपात को बनाए रखने के लिए। हमारी प्रजनन दर को पहली बार 1।9 प्रतिशत तक नीचे आना होगा। तो यह 'जो चला गया है उससे कम' होगा और अगर यह जारी रहा, तो कुछ समय बाद जनसंख्या कम हो जाएगी। यह मानना भोलापन होगा कि भारत को 'जल्द' विकसित देशों में गिना जाएगा। जो लोग ऐसा महसूस करते हैं, वे यह मानने के लिए स्वतंत्र हैं कि भारत को विकसित देशों में गिना जाएगा। दूसरों के लिए इस वास्तविकता का सामना करना बेहतर है।

संयुक्त राष्ट्र की एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2023 में जनसंख्या के मामले में चीन से आगे निकलना शुरू किया, जिस पर लोकसत्ता ने 'लाभांश की अक्षमता' (20 अप्रैल, 2023) शीर्षक वाले संपादकीय में टिप्पणी की थी। उस समय, भारत की जनसंख्या ने चीन को 142.86 करोड़ से पीछे छोड़ दिया था। चीन की जनसंख्या भारत (142।57 करोड़) से केवल 3 मिलियन कम थी। यह किया गया था। चीन इस अनुमान से चूक गया। दूसरे शब्दों में, चीन ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष में भारत की जनसंख्या वृद्धि 1।56 प्रतिशत थी। उस समय, यह अनुमान लगाया गया था कि 2050 तक, भारत लगभग 1।67 बिलियन मनुष्यों के पालन-पोषण के लिए जिम्मेदार होगा। वर्तमान रिपोर्ट उसी गति को दशार्ती है। अगले 40 वर्षों में, हम 'एक सौ सत्तर-कोने' के निशान तक पहुंच गए हैं। उस समय, चीन की आबादी लगभग 131 करोड़ होगी। यानी भारत और चीन की वर्तमान जनसंख्या से भी कम।

यानी इस देश में दस लाख से अधिक लोगों को अपनी प्रजनन क्षमता का उपयोग करने का अवसर नहीं है। इसके कारण आर्थिक से अधिक सामाजिक हैं। महिलाओं को अभी भी यह तय करने का अधिकार नहीं है कि क्या शादी करनी है, क्या केवल प्रजनन के लिए जन्म देना है, उनकी संख्या क्या होनी चाहिए, आदि।इस रिपोर्ट से यही पता चलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 68 देशों में 44 प्रतिशत महिलाओं को अपने शरीर, गर्भनिरोधक उपयोग और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में कोई निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। भारत जैसे देशों में समस्या अधिक स्पष्ट है। उनमें से अधिकांश की मानसिकता यह है कि बच्चे पैदा करना पुरुष अधिकार है और महिलाएं पुरुष अधिकारों का बोझ हैं। बरगद के पेड़ों के आसपास दो दिन पहले के धागे के घोंसलों से इसे देखा जा सकता है। यह आपका डबल पंच है। एक परंपराओं के इर्द-गिर्द निर्मित वर्ग है। और दूसरी ओर, शिक्षितों के बढ़ते अनुपात के साथ, महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी और उस हद तक स्वास्थ्य देखभाल की कमी। हमारा असली सवाल यह है कि कामकाजी आयु वर्ग की सबसे बड़ी आबादी होने के बावजूद भारत में इसका वास्तव में उपयोग करने के लिए पर्याप्त अवसर की कमी है। यह पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करता है। हमारी जनसंख्या का अड़सठ प्रतिशत 15 से 64 वर्ष की आयु के बीच है। इसका मतलब है कि देश में नागरिकों का एक बड़ा समूह 'उत्पादक' उम्र का है। यह सब आसानी से देश के आर्थिक विकास में योगदान कर सकता है। लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में पिछले दशक में देश में नौकरियों/नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। दूसरे शब्दों में, भविष्य में बेरोजगारी की समस्या और अधिक तीव्र हो सकती है।

इस पृष्ठभूमि में, हालिया रिपोर्ट को 'हमारी' जनसंख्या की गिरावट और 'उनकी' जनसंख्या के मिथकों को फैलाने की याद दिलाने के रूप में खारिज नहीं किया जा सकता है। ऐसा होने से पहले, हमें अपनी केंद्र सरकार के आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा, जो मुसलमानों में 2.61 और हिंदुओं में 2.12 है। लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर पर एक समान नहीं है। यह आर्थिक/सामाजिक/भौगोलिक कारकों के अनुसार भिन्न होता है। यह 41 है। जाहिर है कि इसके पीछे केरल में साक्षरता कारण है, लेकिन धर्म के स्तर पर केरल में बिहार की तरह अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी है। लेकिन केरल में प्रजनन दर में वृद्धि नहीं लगती क्योंकि वहां मुसलमान हैं। जनगणना तक, हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जनसंख्या का अंतर वास्तव में बढ़ गया। इस दौरान मुसलमानों की संख्या में 13.6 करोड़ की वृद्धि हुई जबकि हिंदुओं की आबादी में 67.6 करोड़ की वृद्धि हुई। अंतर लगभग चार या पांच गुना है। फिर, 2021 में, जनगणना हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि बहुप्रतीक्षित जनगणना 2027 में शुरू होगी, जिसका अर्थ है कि 2031 तक, हमें अपनी जनसंख्या का सही आकार पता चल जाएगा। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी।

# राष्ट्रभाषा हिंदी इतनी उपेक्षित क्यों?



संजीव ठाकुर

हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ऱराष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक हैऱ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह विडंबना की बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है? अभी दक्षिण भारत मे हिंदी के विरोध अनर्गल प्रलाप जारी होकर उसका खुलकर विरोध किया जा रहा है।स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया था कि एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा थी। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ऱहिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं कियाऱ यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 65 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है ।और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,

ऱनिज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

जय हिंदी जय हिंदुस्तान
हिंदी भाषा अमर रहे।

# आतंकवाद और पाकिस्तान- चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, ह्लहम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है। भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है। भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं। बातचीत से अगर ये मामले सुलझ जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता लेकिन क्या चीन की सेना इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसे भी भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान जैसे नाकाम देश और आतंकवादियों का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है ?

वक्त आ गया है कि भारत को अब दो टूक शब्दों में चीन से इन सवालों का जवाब मांगना ही चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही यह कह चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की यह नीति सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं अपनानी चाहिए बल्कि हर उस देश के साथ अपनानी चाहिए जो किसी भी सूरत में आतंकवादियों का बचाव करता है। भारत को यह कठोर संदेश भारत यात्रा पर आने वाले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग के जरिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तक भेजना ही चाहिए।

- संतोष कुमार पाठक

# गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस समय भाजपा की ओर से मोदी सरकार की उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार देशभर में किया जा रहा है। इस क्रम में प्रेस कांफ्रेंसों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाजपा के नेता पहुँच कर मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों की चर्चा कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम भाजपा की ओर से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों को देशभर से बुलाया गया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके साथ खुलकर संवाद किया। यह वाकई ऐसा कार्यक्रम था जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता बेझिझक सारे सवालों के जवाब दे रहे थे। देखा जाये तो आज के इस युग में डिजिटल और सोशल मीडिय ही सबसे बड़ी ताकत बन चुका है इसलिए इस मंच के महारथियों के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं का सीधा जुड़ाव एक अभिनव पहल भी थी। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक पावरप्वॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये अश्विनी वैष्णव ने उन बड़ी पहलों का जिक्र किया जिससे देश में व्यापक रूप से बदलाव आया और विकसित भारत का आधार तैयार हुआ। अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष की ओर से अक्सर उठने वाले सवालों के जवाब भी अपनी प्रेजेंटेशन के जरिये दिये जिससे कई चीजें स्पष्ट हुईं और भ्रम का वातावरण छँटा।

भाजपा के शीर्ष नेताओं ने डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों से सीधे संवाद में स्वीकार किया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी अति-आत्मविश्वास का शिकार हो गयी थी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह बात मानी कि हमने इस बात पर ठीक से ध्यान नहीं दिया कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे का विपरीत असर हो रहा है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह भी माना कि आरक्षण के विरोध में जो बात निचले स्तर तक कांग्रेस और उसके एनजीओस ने पहुँचा दी थी उसे भांपने में हमसे देरी हुई और जब तक हमने कदम उठाये तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी नेताओं ने यह भी माना कि कई जगह उम्मीदवारों के चयन में खामियां थीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि दरअसल लगातार जीत मिलने पर इस तरह का अति-आत्मविश्वास ऊपर से लेकर नीचे तक आ जाता है जिसका दुष्परिणाम देखने को मिला। पार्टी के नेताओं ने माना कि अक्सर भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं की गलतबयानी से पार्टी के लिए शर्मिंदगी हो जाती है, खासकर चुनावों के समय दिये गये विवादित बयानों से ज्यादा असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अब वह उम्मीदवार चयन के लिए पैमानों को और कड़ा बना रहे हैं। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां बेशुमार हैं और विपक्ष अब तक हमारी एक भी उपलब्धि को नकार नहीं पाया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि विपक्ष सिर्फ विदेशी मामले जाकर देशी राजनीति में हंगामा करना चाहता है लेकिन जनता इसको स्वीकार नहीं करती। पार्टी नेताओं ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है और लोकसभा चुनावों के दौरान दिये गये एक विवादित बयान का मुद्दा सुलझ चुका है। भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पूछे गये सवाल पर भी शीर्ष नेताओं ने कहा कि संघ और पार्टी के बीच कोई मतभेद नहीं है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाओं से इंकार करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि हाल-फिलहाल इसकी संभावना नहीं है। राहुल गांधी की ओर से संवैधानिक संस्थानों पर लगाये जाने वाले आरोपों पर पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता उनके आरोपों पर नहीं बल्कि हमारे संस्थानों पर विश्वास करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता के बीच होने वाले तमाम सर्वेक्षण इस बात को दशार्ते हैं कि राहुल गांधी के मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है।

## नगरसेवक मदन सिंह ने खड़े होकर कराई पेड़ों की छटनी



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर के वरिष्ठ नगरसेवक मदन उदितनारायण सिंह ने आज महानगरपालिका की मदद से अपने वार्ड में खड़े होकर पेड़ों की छटाई करवाई। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जेसल पार्क परिसर के स्वागतम कंपलेक्स , रामेश्वर अपार्टमेंट के बाहर के पेड़ों की टहनियां वहां की इमारतों में रहने वाले लोगों के घरों में घुस गयी थी । उनकी शिकायत पर महानगरपालिका द्वारा उन पेड़ों की छंटनी कराई गई । उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय रहिवासी अरविंद सिंह ,प्रमोद गर्ग , बसंती पाटिल , संतरा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। मदन सिंह ने कहा कि जेसल पार्क परिसर के बचे हुए सभी पेड़ों की छंटनी बाद में फिर से की जाएगी।

## डोंबिवली में शिवसेना उद्धव बाळासाहेब ठाकरे गुट की ओर से पदाधिकारी सम्मेलन



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** गुरुवार को डोंबिवली में शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे गुट) की ओर से कल्याण शिवसेना जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे के नेतृत्व में और शिवसेना नेता, विधान परिषद सदस्य, एड. अनिल परब की अध्यक्षता में आगामी चुनाव की पृष्ठभूमि पर पदाधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन चुनाव की तैयारी, आगामी रणनीति बनाने के साथ-साथ पदाधिकारियों और कार्यकताओं को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से किया गया था। आगामी महानगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि पर पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ चर्चा कर वरिष्ठ स्तर पर कुछ निर्णय लिए जाने की संभावना है। मनसे और शिवसेना की युति के संदर्भ में स्पष्ट रूप से बोलने से एड. अनिल परब ने फिलहाल परहेज किया।

## इसुजु मोटर्स इंडिया ने देशभर में आई-केयर मानसून सर्विस कैंप की शुरूआत की

**मुंबई।** इसुजु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवा और स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प पर कायम है और इसी संकल्प को मजबूती देने का प्रयास करते हुए, इसुजु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी की रेंज के लिए देश भर में इसुजु आई-केयर मानसून कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके। इसुजू केयर की पहल के तहत, 16 से 21 जून, 2025 (दोनों दिन शामिल है) के बीच देश भर में इसुजू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं।

मानसून कैंप का आयोजन इसुजू के सभी अधिकृत सर्विस आउटलेट्स पर किया जाएगा, जो अहिल्यानगर, अहमदाबाद, अंबिकापुर, बेंगलुरु, बरेली, बाड़मेर, बठिंडा, भांडुप, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, बिलासपुर, कालीकट, छत्रपति संभाजी नगर, चेन्नई, कोयंबटूर, डिब्रूगढ़, दीमापुर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, गांधीधाम, गोरखपुर, गुड़गांव, गुवाहाटी, हिसार, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, ईटानगर, जयगांव, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कड़प्पा, करनाल, खम्मम, कोल्हापुर। कोलकाता, कोट्टायम, कुरनूल, लेह, लखनऊ, लुधियाना, मदुरै, मंडी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मैसूर, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, नेरुल, नई दिल्ली, नोएडा, पटना, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, रत्नागिरी, सतारा, शिवमोग्गा, सीकर, सिलीगुड़ी, सोलापुर, श्रीनगर, सूरत, त्रिशूर, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिची, त्रिवेन्द्रम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित हैं।

## रश बाय हाइक ने भारत में स्किल-आधारित गेमिंग को बढ़ावा देने के लिए कृष्णा अभिषेक के साथ मिलकर अपनी पहली कैंपेन #चलो जीत की चाल लॉन्च की

**मुंबई/पटना।** भारत की रियल-मनी गेमिंग दुनिया में अब मजा और देसी तड़का दोनों आ गया है। हाइक के स्किल-बेस्ड कैजुअल गेमिंग प्लेटफॉर्म रश ने अपना पहला ब्रांड कैंपेन #चलोजीतकीचाल लॉन्च किया है, जिसमें मशहूर अभिनेता और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक नजर आ रहे हैं। यह कैंपेन ह्यूमर, मेहनत और रोजमर्रा की जुगाड़ से भरपूर है, और उन तेज-दिमाग और फुर्तीले खिलाड़ियों को सेलिब्रेट करता है जो भारत में ज़िंदगी की चुनौतियों को गेम-जैसी जीत में बदल देते हैं।

रश के सबसे महत्वाकांक्षी कम्युनिकेशन कैंपेन के रूप में, यह पाँच हफ्तों का अभियान 10 जून से टीवी, रेडियो और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर शुरू हो रहा है, और इसका उद्देश्य भारत के तेजी से बढ़ते हिंदी भाषी बाजारों में 2 करोड़ से अधिक यूजर्स तक पहुँचना है। #चलोजीतकीचाल का मकसद है रोजमर्रा के उन चैंपियनों का जश्न मनाना, जो ज़िंदगी की उलझनों को हुनर, मेहनत और दिल से सुलझाते हैं, और हर चुनौती को जीत के मौके में बदल देते हैं। रश के सबसे पॉप्युलर गेम लूडो के साथ, कृष्णा अभिषेक अपनी हाई-एनर्जी कॉमेडी और देसी समझदारी से दिखाते हैं कि चाहे ज़िंदगी हो या गेम, स्मार्ट सोच और हिम्मत वाले कदम ही असली ताकत हैं।

#चलोजीतकीचाल हमारे लिए भारत के सबसे बेहतर गेमर्स को मंच पर लाने का एक तरीका है – वे लोग जो स्मार्ट खेलते हैं, लगातार मेहनत करते हैं और जानते हैं कि, रणनीति और कौशल किस्मत पर हमेशा भारी पड़ते हैं।

# एयर इंडिया विमान हादसे में 200 से अधिक यात्रियों की मौत

**पालघर।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एक भीषण विमान हादसा हुआ, जिसमें एयर इंडिया का यात्री विमान टेकऑफ के कुछ ही देर बाद क्रैश हो गया। इस दर्दनाक हादसे में गुजरात तथा अन्य राज्यों के तथा ब्रिटेन व पुर्तगाल के अन्य विदेशों के 200 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई। यह घटना पूरे देश को गहरे शोक में डुबो गई है।

बताया जा रहा है कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से जैसे ही उड़ान भरी, कुछ तकनीकी खराबी के कारण वह संतुलन खो बैठा और रनवे से कुछ दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बचाव कार्य के दौरान प्रशासन और राहत टीमों को कई शव बरामद हुए। घटना के कारणों की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। इस हृदयविदारक दुर्घटना पर रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनारायण गोयल समेत सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रेसिडेंट निर्वाचित रोटेरियन रामनारायण गोयल ने अपने संदेश में कहा, ᳲयह हादसा केवल गुजरात ही नहीं, पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान हो।

## रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि




## संकल्प से सिद्धि तक विकसित भारतः भाजपा



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई विरार भाजपा जिला ने साइलेंट रिसॉर्ट मनोर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के प्रभावी कार्यकाल में देश ने विभिन्न स्तरों पर नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें दुनिया में चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बनना, अधिकांश कार्य देश के अंदर ही हुए हैं। जानकारी देने के लिए आज पालकमंत्री गणेश नाइक की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस साइलेंट रिसॉर्ट मनोर में आयोजित की गई।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पालघर जिले के सांसद डॉ. हेमंत सावरा , विधायक राजन नाइकजी, विधायक हरिभाऊ भोये बाबजी कथोले , वसई विरार भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा ताई पाटिल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल उपस्थित थे।

## पालघर महावितरण अधिकारी से मिले खासदार हेमंत सांवरा



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** महावितरण के अधीक्षक ने पालघर खासदर डॉक्टर हेमंत सांवरा ने पालघर मंडल का दौरा किया और रामबाग से पालघर सफाल्या तक के मार्ग पर बिजली आपूर्ति के मुद्दों पर चर्चा की।

क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती, केबल कटने जैसी गंभीर तकनीकी कठिनाइयों के बारे में विस्तृत बातचीत हुई। महावितरण ने इन समस्याओं के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा पर विशेष ध्यान देते हुए तत्काल उपाय करने का आश्वासन दिया।अधीक्षक अभियंताओं ने पुष्टि की कि तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सहयोग करके और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# वसई में अनाधिकृत फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भाजपा की बैठक

**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई रोड पश्चिम के आनंद नगर, स्टेशन क्षेत्र, 60 फुट रोड और अंबाडी रोड मार्केट में अनाधिकृत फेरीवालों की बढ़ती संख्या से नागरिकों को हो रही परेशानी के मुद्दे को लेकर आज भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल सेल के संयोजक एवं अन्य पदाधिकारियों ने ᳲएच वॉर्डरᳲ की सहायक आयुक्त संगीता घाडीगांवकर से भेंट की।



बैठक में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई और इस समस्या का शीघ्र और स्थायी समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत फेरीवालों द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण से पैदल चलने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विशेष रूप से स्कूली छात्र, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक इससे सबसे अधिक प्रभावित हैं।

साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और यातायात अवरोध भी इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा की गई कार्रवाई अक्सर केवल औपचारिकता होती है, जिसके बाद फेरीवाले पुनः वहीं जम जाते हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने मांग की कि नगरपालिका नियमित फेरी नीति लागू करे, स्थानीय दुकानदारों के हितों की रक्षा करे, और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए। संयोजक उत्तम कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर भाजपा जोरदार आंदोलन करेगी।

इस बैठक में बाला सावंत, रॉकी किनी, मैथ्यू कोलासो, मनोज शर्मा, तेजस सिंह और अमोल पाटिल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष कल्पेश पांडे के प्रयास से टली दुर्घटना

**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई रोड पश्चिम स्थित वार्ड क्रमांक 95 के सुयोग नगर इलाके में यूनिक कॉर्नर बिल्डिंग परिसर में लगे पेड़ों की टहनियाँ महावितरण (टरएइ) के विद्युत तारों से टकरा रही थीं। इस स्थिति के चलते आगामी मानसून में किसी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।



सोसायटी के पदाधिकारियों ने यह मामला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष कल्पेश पांडे के संज्ञान में लाया। तत्परता दिखाते हुए श्री पांडे ने वसई रोड मंडल अध्यक्ष श्री महेश सरवणकर के मार्गदर्शन में मौके का निरीक्षण किया और तुरंत महानगरपालिका से आवश्यक कार्रवाई की माँग की।

भाजपा पदाधिकारियों के प्रयासों के फलस्वरूप महानगरपालिका ने तत्काळ कार्रवाई करते हुए खतरनाक टहनियों को काटने का कार्य संपन्न किया, जिससे संभावित दुर्घटना टल गई। इस त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए सोसायटी के पदाधिकारियों ने भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार प्रकट किया है।

# वट पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयुर्वेदिक तुलसी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** वट पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, बोईसर मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपाली आशीष संखे ने हारमोनी रेसिडेंसी, बोईसर में भेंट देकर स्वच्छ पर्यावरण, संवेदनशील एवं सांस्कृतिक मूल्यों से प्रेरित कार्यक्रम का आयोजन किया ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने रेसिडेंसी की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए 'आयुर्वेदिक तुलसी' का पौधा वितरण एवं पौधा रोपण किया। तुलसी भारतीय संस्कृति की एक पवित्र और औषधीय महत्व रखने वाली वनस्पति मानी जाती है।इसके औषधीय गुणों और पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखते हुए रूपाली संखे ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के स्वास्थ्य और भारतीय परंपराओं के संवर्धन का संदेश दिया ।पौधारोपण व वितरण के दौरान सोसायटी की महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कार्यक्रम में रुपाली संखे ने तुलसी के दैनिक जीवन में उपयोग, औषधीय लाभ और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित सभी महिलाओं ने उनके इस प्रेरणादायी और सकारात्मक उपक्रम का हार्दिक स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया ।इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं में पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य के प्रति सजगता और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिला। यह कार्यक्रम नारीशक्ति और प्रकृति के समन्वय का एक सुंदर उदाहरण बना ।इस दौरान उपस्थित अनेक जागरूक महिलाओ ने अपने विचार व्यक्त किये।



## बड़े ही धूम धाम से मनाया गया भाजपा नेता संजय उदयकांत ठाकुर का जन्मदिवस




**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** तारकेश्वर पांडे मीरा रोड भाजपा के कर्मठ एवं सुयोग नेता संजय उदयकांत ठाकुर का जन्मदिवस उनके कार्यालय पर बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस खास मौके पर उनको बधाई देने भाजपा मिरा भाईंदर शहर के जिला अध्यक्ष दिलीप जैन, मनसे अध्यक्ष संदीप राणे, भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष नितेश निषाद,

आचार्य पंडित सुरेश गुरु ओझा, संजय वोरा, समाजसेवक नियाज अहमद, बोरीवली रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर त्रिवेणी दास, वरिष्ठ पत्रकार तारकेश्वर पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार राजू गोयल, वरिष्ठ पत्रकार राजेश उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण शर्मा, पत्रकार गीतेश दवे, पत्रकार सुनील अग्रवाल, पत्रकार संजय मकवाना, पत्रकार उदय भान, के अलावा भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं प्रभाग-१७ के रहिवाशी पहुँचे और संजय उदयकांत ठाकुर को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# डाबर ने जनरल ट्रेड पार्टनर्स के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**मुंबई।** भारत की अग्रणी आयुर्वेदिक एवं नैचुरल हेल्थकेयर और एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने जनरल ट्रेड स्टॉकिस्ट्स के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्हें अपने डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की बैकबोन बताया। डाबर इंडिया लिमिटेड के सीईओ श्री मोहित मल्होत्रा और ऑल इंडिया कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के बीच मुंबई में हुई मीटिंग के दौरान इस बात की पुष्टि की गई, जहां दोनों पक्षों ने मार्केट में हो रहे बदलावों तथा उभरते अवसरों का लाभ उठाने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

डाबर इंडिया लिमिटेड के सीईओ श्री मोहित मल्होत्रा ने कहा, हमारे जनरल ट्रेड पार्टनर्स न सिर्फ डिस्ट्रीब्यूशन में योगदान देते हैं, बल्कि वे हमारे विकास के पार्टनर, हमारे फ्रंटलाईन अम्बेसडर भी हैं। उनकी वजह से ही ब्राण्ड डाबर देश के हर कोने तक पहुंचा है। मार्केट में पहुंच, और एंटरेप्रेन्योरशिप में उनके उत्साह के चलते हम दशकों से मुश्किलों से निपटने और अवसरों का लाभ उठाने में कामयाब हो रहे हैं। अब जबकि हम अपनी नई स्ट्रैटेजी ला रहे हैं, हम उनके साथ काम करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे न सिर्फ अवसरों का लाभ उठा सकें बल्कि उन्हें अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न भी मिले। श्री मल्होत्रा ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, डाबर ने हाल ही में अपने नए विजन की घोषणा की थी, जिसके तहत कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2027-28 तक टॉपलाईन एवं बॉटमलाईन में दो अंकों की स्थायी बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। हमारी यह नई स्ट्रैटेजी इस तरह से डिजाइन की गई है कि हम अपने कोर मूल्यों की मौजूदा क्षमताओं का लाभ उठाकर भविष्य के लिए तैयार रहें। इसके तहत हम स्थिरता एवं बाधाओं, पैमाने एवं स्फूर्ति, आधुनिकता एवं धरोहर के बीच तालमेल बनाने की कोशिश करेंगे। नए प्रोडक्ट फोर्मेट्स, सप्लाई चेन की बेहतर क्षमता तथा उपभोक्ता उन्मुख सेवाओं पर फोकस करते हुए हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे जनरल ट्रेड पार्टनर्स हमारे साथ मिलकर आगे बढ़ें, क्योंकि हम डाबर को विकास को नए स्तर तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

कंपनी स्टॉकिस्ट पार्टनर्स को सशक्त बनाने वाले टूल्स एवं प्रोग्राम्स में भी निवेश करेगी, इसमें डिमांड प्लानिंग के लिए प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स, ऑनबोर्डिंग एवं प्रोसेसिंग सिस्टम को आसान बनाना शामिल है। ये सभी प्रयास डाबर के साथ कारोबार को आसान, तेज एवं फायदेमंद बनाते हैं। हम भविष्य की ओर अग्रसर हैं, इस बीच हमारा संदेश एकदम स्पष्ट हैः हम आपके साथ हैं, हम आपको महत्व देते हैं और हम आपके साथ ही विकसित होते हैं। श्री मल्होत्रा ने मीटिंग के दौरान स्टॉकिस्ट्स से कहा।

## कॉइनडीसीएक्स ने मई 2025 की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट जारी की

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स ने मई 2025 की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट जारी की है, जो सुरक्षित और पारदर्शी क्रिप्टो ट्रेडिंग व निवेश के प्रति इसके मजबूत संकल्प को दशार्ती है। मई में कॉइनडीसीएक्स की स्पॉट ट्रेडिंग वॉल्यूम में 32% की तेज बढ़ोतरी हुई, जो अप्रैल के $374 मिलियन से बढ़कर मई में $492 मिलियन तक पहुंच गई। यह रफ्तार न सिर्फ प्लेटफॉर्म की मजबूती को दिखाती है, बल्कि यूजर्स के बढ़ते भरोसे और कॉइनडीसीएक्स द्वारा लगातार किए जा रहे सुधारों का भी सकारात्मक असर दशार्ती है।

कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता ने कहा, ᳲमई में स्पॉट ट्रेडिंग में आया 32% का उछाल सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह निवेशकों के बढ़ते भरोसे और वैश्विक स्तर पर क्रिप्टो को मिलती स्वीकृति का संकेत है। दुनियाभर में नीतिगत स्तर पर हो रहे बदलावों और भारत में डिजिटल संपत्ति के प्रति बढ़ते रुझान के साथ यह क्रिप्टो ग्रोथ के एक नए व स्थिर दौर की शुरूआत है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए करें जल संरक्षण : डॉ दिनेश चंद्र



जौनपुर। जल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह पीने, खाना पकाने, खेती, और उद्योग के लिए आवश्यक है। आने वाली पीढ़ियां के भविष्य की रक्षा के लिए कुशलता पूर्वक जल का उपयोग करें तथा अपव्यय को रोकें। जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान के तहत राजा हरपाल सिंह शिक्षण संकुल के प्रबंधक कुंवर जय सिंह के आवास पर पहुंचे जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने उपरोक्त बातें कही। पीली नदी में जल संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि नदी की सफाई करने के साथ-साथ जगह-जगह बांध बनाकर तल की खुदाई भी की जाएगी ताकि अधिक से अधिक जल संरक्षित हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया तथा कुंवर जय सिंह के बेटे मृगेंद्र सिंह ( शिव बाबा ) उपस्थित रहे।

## बदलापुर पुलिस ने चोरी गयी मोटरसाइकिल को किया बरामद



बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा चोरी गयी मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 01.06.2025 को वादी द्वारा थाना स्थानीय गेट के बाहर की तरफ अपनी मोटर साइकिल को खड़ा किया गया था जो किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था।प्राप्त तहरीर के पश्चात मु0अ0सं0 227/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में चोरी गई मो0सा0 को आज दिनांक 11.06.2025 को थाना बदलापुर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम फत्तूपुर पीली नदी पुल के पास से समय करीब 14.30 बजे बरामद किया गया।

## मायके से नहीं आई पत्नी, पति ने लगा ली फांसी

जरीफनगर (उत्तरशक्ति)। पत्नी मायके से नहीं आई तो युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के पीछे खड़े पेड़ पर गुरुवार की सुबह लोगों ने लटका देखा। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमॉर्टम कराया है। यूपी के बदायूं स्थित जरीफनगर के कस्बा दहगवां निवासी रिंकू उपाध्याय (28) का शव गुरुवार सुबह घर के पीछे खड़े पेड़ पर लटका मोहल्ले के लोगों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। पिता रामनिवास ने बताया कि रिंकू शराब पीने का आदी था। पीने के बाद वह पत्नी व बच्चों को पीटता था। नाराज होकर पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई। वह करीब एक महीने से मायके में ही रह रही थी। रिंकू कई बार उसको बुलाने गया, लेकिन उसने साथ आने को मना कर दिया। बुधवार को फिर से पत्नी ने न आने की बात फोन पर कह दी। जिसके बाद देर शाम को रिंकू घर से चला गया था। उधर, पत्नी को जब सूचना मिली तो रोती बिलखती घर आ गई। मौके पर आई पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। देर शाम शव घर पहुंचा तो गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, एक की मौत

श्रावस्ती (उत्तरशक्ति)। यूपी के श्रावस्ती में बृहस्पतिवार को जमीन में भरी नींव हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शिकायत के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना इकौना क्षेत्र के कुम्हरगढ़ी कंजड़वा की है। गांव निवासी अब्दुल जब्बार (65) के मकान के पीछे आबादी की भूमि पर शौचालय बना है। वहीं बगल में नींव भरी पड़ी है। मोहम्मद नसीम अली ने दो जून को एसडीएम को प्रार्थना-पत्र दिया। इसमें नींव भरी भूमि को अपनी भूमि बताया। इसकी पैमाइश कराने की मांग की। भूमि की पैमाइश के बाद इसकी रिपोर्ट तहसीलदार ने एसडीएम को दी थी। इसी बीच जब्बार अपने कब्जे वाली भूमि पर चहारदीवारी उठाने लगा। इसको लेकर बृहस्पतिवार को दूसरा पक्ष हमलावर हो गया। इस दौरान अब्दुल नसीम व अब्दुल लतीफ अपने दो साथियों के साथ लाठी, डंडा व राड से अब्दुल जब्बार व उनके पुत्र बड़कऊ को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान अब्दुल जब्बार के साथियों ने लतीफ व नसीम को मारा-पीटा। बीच-बचाव करने आए वसीम व लेसन बानो को भी चोट आई। दोनों पक्षों से घायल सभी छह लोगों को सीएचसी इकौना लाया गया। यहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर होने के कारण अब्दुल जब्बार व बड़कऊ को मेडिकल कॉलेज, बहराइच रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान अब्दुल जब्बार की मौत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष के अब्दुल लतीफ, मोहम्मद नसीम, वसीम, लेसन बानो को प्राथमिक उपचार के बाद संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई फारुक अहमद ने गांव निवासी मोहम्मद नसीम, अब्दुल लतीफ, शकील अहमद खां, कटरा थाना क्षेत्र के डिंगुराजोत निवासी हरीश यादव के विरुद्ध तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी अब्दुल लतीफ व मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## फंदा लगाकर विवाहित ने दी जान मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

आजमगढ (उत्तरशक्ति)। बरदह थाना क्षेत्र के जगदीशपुर सोहौली गांव में बुधवार की शाम 5 बजे विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति आदेश राय ने 35 वर्षीय विवाहिता आकांक्षा राय ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय आकांक्षा ने कमरे के दोनों दरवाजे अंदर से बंद कर लिए थे। घटना के समय घर पर मौजूद आकांक्षा की सास शारदा राय, ननद अनिता और 5 वर्षीय बेटी नित्या घर के बाहर बैठे थे। शाम को जब आकांक्षा को बुलाने पर दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने पड़ोसियों को बुलाया। खिड़की से झांकने पर सभी सन्न रह गए, क्योंकि आकांक्षा कमरे में लगे रोशनदान से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी हुई थीं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। बरदह थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# यूपी बोर्ड 2025 के टॉपरों का सीएम करेंगे सम्मान

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। सीएम ने लोक भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री 1-1 लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे।

इसमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र ने बताया कि लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक पाने वाले मेधावियों के सम्मान समारोह के साथ ही कई सौगात भी देंगे।

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ व माध्यमिक संस्कृत शिक्षा निदेशालय के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। साथ ही श्री काशीराज राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चकिया चन्दौरी व श्री काशीराज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही के नए भवन (100 बेड छात्रावास सहित) का शिलान्यास, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जगत नारायण रोड व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद लखनऊ के नए भवन का शिलान्यास भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास के लिए ड्रीम लैब की स्थापना के लिए टाटा के साथ एमओयू किया जाएगा। कुल 70 करोड़ की लागत से हर मंडल मुख्यालय के राजकीय विद्यालय में इस लैब की स्थापना की जाएगी।

इसके साथ ही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 में प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। वहीं, रजत पदक और कांस्य पदक विजेताओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिताओं में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने कुल 179 पदक दिलाए हैं। इनमें 51 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक और 82 कांस्य पदक प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते।

मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार के अंतर्गत नेशनल स्कूल गेम्स एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता को 75 हजार रुपये और टीम गेम्स के स्वर्ण विजेताओं को 35 हजार रुपये देंगे। जबकि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में रजत पदक विजेताओं को 50 हजार रुपये, 82 कांस्य पदक प्राप्त 182 विजेताओं को 30 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## क्षेत्र पंचायत सुजानगंज की विकास को तत्पर है: डा. श्रीप्रकाश शुक्ला



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर क्षेत्र पंचायत सुजानगंज के कर्मठ ब्लॉक प्रमुख डा.श्रीप्रकाश शुक्ला विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित दिख रहे हैं। सुजानगंज के चौमुखी विकास के लिये स्ट्रीट लाइट, शौचालय, इंटर लाकिंग सडको का जाल पूरे क्षेत्र पंचायत में फैला दिया है। गर्मी को देखते हुए प्रत्येक चौराहे पर शीतल जल केंद्र (वाटर कूलर) लगवाया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम सभा में पशु आश्रय केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। सभी जाति धर्म एवं मजहब के मानने वाले लोगों का पूरा सम्मान करने वाले डॉ. श्रीप्रकाश शुक्ला से उनके आवास पर अधिवक्ता अनिल नरेंद्र उपाध्याय, मदन पांडे शचिन्द्र मिश्रा ने भेंट की और विकास के प्रति समर्पित प्रमुख की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा बड़े धूमधाम से मनाया गया



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान महाराजगंज कपियॉ जागीर में महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बाबा महेंद्रनाथ सेवा मंच के तत्वधान में छठव्रती एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को चाय सेवा उपलब्ध कराई गई, सेवा मंच के सदस्य, आत्मा कुमार सिंह, ने बताया कि हमारे आज के युवा ही कल के भविष्य हैं समाज सेवा से लेकर, शिक्षा के क्षेत्र में या टेक्नोलॉजी के क्षेत्र, मेडिकल के क्षेत्र में हरेक फील्ड में युवा सराहनीय कार्य कर रहे हैं, इस अवसर पर ग्राम वासियों के साथ मौके पर सदस्य ब्रजेश आनन्द सिंह, पंकज सिंह, आर्मी मैंन रंजीत सिंह , शशिकांत तिवारी, अजय सिंह, मनोज सिंह, अनीश कुमार सिंह, रजनीश कुमार सिंह सहित बहुत से सदस्य उपस्थित होकर सेवा भाव का कार्य किया।

## विवाद के बाद सुबह जमकर चली लाठियां, 21 लोग घायल

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। अहरौला स्थित गांव में बृहस्पतिवार की सुबह दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों से कुल 21 लोग घायल हो गए। एक पक्ष से 12 और दूसरे पक्ष से 9 लोगों को चोटें आईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अहरौला में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। विवाद की जड़ जौनपुर के एक युवक और गांव की एक युवती के बीच मिलने-जुलने को लेकर थी। युवक की ननिहाल विपक्षी पक्ष के यहां थी। इस बात को लेकर बुधवार शाम को दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसे गांव के कुछ संभ्रांत लोगों ने समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। हालांकि, बृहस्पतिवार की सुबह दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने हो गए, जिसके बाद लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में पहले पक्ष से घायल हीरामनी देवी (52), फिरता (45), अमन (18), छोटेलाल निषाद (32), बेचूलाल (46), पवन (14), सुजीत (20), अजीत (24), चमेला (45) और दूसरे पक्ष से राधिका (40), विजय निषाद (42), उषा (40), सहाबू निषाद (65), घायल हो गए। थानाध्यक्ष अहरौला प्रदीप कुमार ने बताया कि एक पक्ष के सोनू निषाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। दूसरे पक्ष के घायलों का मेडिकल मुआयना कराया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## योग प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




उदयपुरवाटी। कस्बे के जवाहर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज योग प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों का 11 वेअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रभावी बनाने हेतु उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रताप राम कुमावत ने बताया कि आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 18 योग प्रशिक्षक एवं 38 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण लिया और योग ट्रेनर विकास कुमावत ने उन्हें योगाभ्यास करवाया। इस दौरान बृजलाल एसीबीईओ, अमित कुमार, आनंद सैनी का विशेष सहयोग रहा।नोडल अधिकारी डॉ प्रताप राम कुमावत ने उचित स्थान उपलब्ध करवाने के लिए स्कूल के निदेशक कैलाश सैनी का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की जा रही योगाभ्यास की तैयारी के तहत ब्लॉक में 7037 लोग रोज सुबह योगाभ्यास कर योग में रुचि लेकर लाभान्वित हुए हैं और निरंतर चयनित योगस्थलों पर प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया जा रहा है।

## महिला संवाद में जीविका बैंक खोलने की मांग



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज बलतारा के राम लखन उच्च विद्यालय बलतारा के प्रांगण में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम मे भारती जीविका महिला ग्राम संगठन के सीएम अंजनी कुमारी ,सीसी श्रद्धांजलि कुमारी , सीएफ कंचन कुमारी अन्य दीदी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महिला संवाद कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी जीविका दीदी द्वारा कई मांगे रखी गई जिसमें विवाह भवन ,जीविका बैंक ,पेंशन में वृद्धि ,आवास की राशि में वृद्धि, जीविका कैडर के मानदेय में वृद्धि की मांग की गयी, नदी से कटाव से बचाव, हॉस्पिटल, मध्य विधालय नवनिककरण और स्वच्छता कर्मी के मानदेय में वृद्धि एवं ससमय में मानदेय भुगतान इत्यादि। इस कार्यक्रम में उपस्थित सीसी श्रद्धांजलि कुमारी,सीएफ कंचन कुमारी ,पौरा स्वच्छता पर्यवेक्षक संजीव भारती, सचिव संजुला देवी ,बीके आशीष रंजन ,बैंक मित्रा अनीता देवी, पुनीता, स्नेहलता, रीना, नीलू ,मुन्नी, हेमलता, प्रेम,जयमाला, अंजनी, जीविका कैडर,जीविका दीदी उपस्थित थे।

## नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने पटना में शिक्षकों और छात्रों को किया सम्मानित




पटना (उत्तरशक्ति)। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने किदवईपुरी स्थित होटल रेड वेलवेट में एक प्रेरणादायक एजुकेटर्स मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें क्षेत्र के प्रमुख शिक्षक, छात्र और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश शर्मा, निदेशक - प्रवेश एवं आउटरीच नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने कहा, शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने की कुंजी है। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जो छात्रों को कौशल, ज्ञान और नवाचार से सशक्त बनाता है ताकि वे अपने उज्जवल भविष्य की नींव रख सकें। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्रतिभाओं को पहचान देना था, बल्कि शिक्षा और करियर विकास के बीच मजबूत कड़ी को उजागर करना भी था। इस मीट के दौरान इंटरएक्टिव सत्र, पुरस्कार वितरण, और शिक्षा में नए ट्रेंड्स एवं स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा हुई। इस दौरान भानु प्रताप सिंह, हेड - एडमिशन एवं आउटरी, रंजन सिंह, लोकल एसोसिएट भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने एनआईयू की इस पहल की सराहना की जो अकादमिक संस्थानों और करियर रेडीनेस के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी अपने करियर केंद्रित प्रोग्राम्स और समग्र छात्र विकास के प्रयासों के लिए जानी जाती है।

## रेनालिक्स ने भारत की पहली स्वदेशी स्मार्ट डायलिसिस मशीन लॉन्च की



पटना (उत्तरशक्ति)। स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार करने वाली कंपनी रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स ने आज दुनिया की पहली पूरी तरह स्वदेशी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित और क्लाउड से जुड़ी हीमोडायलिसिस मशीन रेनालिक्स आरएक्सटी -21 का शुभारंभ किया। यह उन्नत मशीन न केवल रीयल-टाइम दूरस्थ निगरानी, चिकित्सकीय जुड़ाव, और स्वचालित विश्लेषण प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, बल्कि इसकी कीमत 6.7 लाख आयात की गई मशीनों की तुलना में बहुत कम है। भारत में ही तैयार की गई इस मशीन के लॉन्च के साथ रेनालिक्स, यूरोपीय संघ द्वारा प्रमाणित (सीई सर्टिफिकेशन) डायलिसिस मशीन बनाने वाली भारत की पहली और विश्व की छठी कंपनी बन गई है। कंपनी आने वाले चार वर्षों में 800 करोड़ रुपये का निवेश कर 5,000 मशीनों के निर्माण की क्षमता प्राप्त करेगी, और आगे चलकर 1,500 अतिरिक्त मशीनों का निर्माण भी करेगी। रेनालिक्स की योजना महाराष्ट्र और कर्नाटक से शुरूआत कर पूरे देश में अपने उपकरणों को पहुँचाने की है। इसके साथ ही अमेरिका, यूरोप और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी मशीनों के आदेश मिल चुके हैं। मशीन को भारत के औषधि नियंत्रक (सीडीएससीओ) से जुलाई 2025 तक और अमेरिका की स्वास्थ्य एजेंसी (एफडीए) से मार्च 2026 तक स्वीकृति मिलने की संभावना है। डॉ. श्याम वासुदेव राय, संस्थापक और निदेशक, रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स आरएक्सटी-21 देश में डायलिसिस को सस्ता और पास लाकर, किडनी देखभाल में बदलाव लाने वाली मशीन बनेगी। आयातित मशीनों की तुलना में इसकी कुल लागत लगभग 40 प्रतिशत तक कम होगी। हम भारत को किडनी देखभाल उपकरणों का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। रेनालिक्स का उद्देश्य अगले पाँच वर्षों में विश्व के प्रमुख डायलिसिस उपकरण निमार्ताओं और निर्यातकों में स्थान बनाना है। यह पहल मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सशक्त करती है।

## नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के घाघरा नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान महुला गांव निवासी सुधांशु राय और धनौली निवासी अभिषेक राय के रूप में हुई है। दोनों युवक सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे।

हादसे सके दोनों परिवारों में कोहराम मचा है। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 5 बजे महुला गांव के आठ युवक घाघरा नदी में नहाने गए थे। इनमें सुधांशु, अभिषेक, कार्तिक, सब्बी, निखिल, किशन और सिंटू शामिल थे।

गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर पश्चिम घाघरा नदी में नहाने के दौरान सुधांशु और अभिषेक गहरे पानी में चले गए। स्थानीय निवासी ज्ञान निषाद ने उन्हें गहरे पानी में जाने से मना किया था, लेकिन दोनों युवक नहीं रुके। काफी तलाश के बाद सुबह नौ बजे गोताखोरों ने दोनों शव घटनास्थल से 200 मीटर दूर बरामद किया। सुधांशु राय अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, अभिषेक राय भी अपने घर का इकलौता चिराग था। वह अपने ननिहाल महुला में जोगिंदर राय के यहां रहता था। दोनों परिवारों में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही रौनापार थाना अध्यक्ष अनुपम जायसवाल और नायब तहसीलदार सगड़ी मौके पर पहुंचे। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

परिजनों ने बताया कि सुधांशु और अभिषेक सहित सभी आठ युवक एक समूह में रहकर पुलिस और सेना भर्ती की तैयारी करते थे। वे रोज सुबह तीन बजे उठकर गांव के पास रजौली बाग में दौड़ लगाते थे और छह बजे तक घर लौटते थे।










